मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3

# BES–145

## शिक्षा में स्नातक उपाधि

## (बी. एड.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2025

## बी.ई.एस.–145 : हिंदी शिक्षण प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम भारिता : 70%*

---

**नोट :** *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   बच्चों में भाषा–अधिगम प्रक्रिया का वर्णन कीजिए तथा भाषा अधिगम की विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

**अथवा**

हिंदी पाठ्य–पुस्तक के अध्ययन पक्ष की विशेषताएँ बताते हुए पाठ्य–पुस्तक में पाठ्य–सामग्री के प्रस्तुतीकरण के स्वरूप की व्याख्या कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

पठन कौशल के उद्देश्य और महत्व का वर्णन कीजिए। पठन की प्रक्रिया को कितने भागों में विभाजित कर सकते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

माध्यमिक स्तर पर कहानी शिक्षण के महत्व, उद्देश्य तथा शिक्षण प्रक्रिया को समझाइए। उपन्यास शिक्षण कहानी शिक्षण से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में हो :

(क) निबंध के विभिन्न प्रकार बताइए।

(ख) माध्यमिक स्तर पर भाषा शिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

(ग) रचनात्मक लेखन से आप क्या समझते हैं?

(घ) एक भाषा शिक्षक के रूप में आप सुनने की योग्यता का मूल्यांकन कैसे करेंगे? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की भाषायी योग्यता के मूल्यांकन हेतु क्या–क्या समयोजन किए जा सकते हैं? समझाइए।

(च) अर्थ के आधार पर हिंदी शब्दों के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

नवीं कक्षा की हिंदी पाठ्य–पुस्तक से निबंध विधा का एक शीर्षक चुनिए तथा उस शीर्षक पर विस्तृत पाठ योजना का निर्माण कीजिए।

× × × × ×